हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 18 मई 2024

11 हुड्डा पार्क में देखरेख का अभाव, फव्वारे खराब, झूले टूटे



12 कूलर न एसी, पैसे का पानी, चिकित्सक भी रहते नदारद




# M.L.S. D.A.V. SR. SEC. PUBLIC SCHOOL


KULTAJPUR ROAD, NARNAUL. (Affiliated to C.B.S.E., New Delhi), Contact: 01282-252474, 257405

Managed by: DAV College Managing Committee, New Delhi-55

## Tradition of Quality Result continues in class 12th 2024




Jiten 97.2% | Himani 96.8% | Khushi 96.6% | Bhavishya 96.2% | Rudraksha 95.4% | Nishu 95.4% | Kapil 95.2% | Chetan 95.2% | Vanshika 94.8% | Kapil 94.6%



Muskan 94.6% | Suhani 94% | Kunj 94% | Anchal 93.8% | Rohit 93.4% | Ishu 93% | Tushar 93% | Manisha 92.8% | Divya 92.6% | Mayank 92.6% | Apeksha 92.6%



Jitesh 92.4% | Vaubhav 92.4% | Kanchan 92.2% | Renuka 92.2% | Naman 92.2% | Bhumika 91% | Rashi 91% | Hritika 90.8% | Manshi 90.8% | Khushi 90.8%



Dhariya 90.6% | Bhavya 90.4% | Tanuj 90% | Mahak 90% | Deepika 90% | Khushi 90% | Monika 90% | Kashish 90% | Somya 90% | Shekhar 90%

| Percentage | Overall |
|---|---|
| 95 % & above | 8 |
| 90% & above | 41 |
| 85 % & above | 67 |
| 75 % & above | 134 |

| Subject Wise Topper | Marks | Name of the Student |
|---|---|---|
| Accounts | 100 | Himani Gupta |
| Music | 100 | 22 Students |
| Chemistry | 99 | Jitesh Chhabra, Kapil Saini |
| Biology | 99 | Kapil Saini |
| Pol. Science | 99 | Vanshika Soni, Tushar |
| Geography | 98 | Vanshika Soni, Suhani |
| English | 97 | Rudraksh |
| Maths | 97 | Muskan, Ruchika |
| B.St. | 97 | Jiten Goyal, Rohit, Vaibhav Sanghi |
| Eco | 97 | Jiten Goyal, Bhavishya Gupta |
| Physics | 95 | Khushi Sharma, Rudraksha, Kapil Saini, Kapil Kumar |
| History | 95 | Nishu Maan, Suhani, Ishu Bazar, Apeksha Yadav |

Dr. D.V. Sethi, Chairman | Sunita Behl, Assistant Regional Officer | Rajdeep Kulshreshtha, Manager | Virender Kumar, Principal

# यदुवंशी में नौनिहालों ने किया तरणताल व्यायाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक क्रियाकलापों के तहत शुक्रवार को तरणताल स्नान का आयोजन रखा गया, जिसमें नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने उत्साह दिखाते हुए भाग लिया।

तरणताल स्नान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थी का पानी के प्रति आदी होना तथा यह प्रक्रिया आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होती है। सभी विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी शिक्षिकाओं की देख-रेख में स्नान करते हुए इस क्रियाकलाप को संपन्न किया। निदेशक विजय सिंह यादव ने कहा कि तरणताल के स्नान से विद्यार्थियों के शरीर में ताकत, लचीलापन व सहनशक्ति विकसित करने में भी मदद मिलती है। जब विद्यार्थी तैराकी क्रियाकलापों में भाग लेते हैं तो वे दूसरों और अपने प्रशिक्षक के साथ बातचीत करना व जीवन कौशल सीखते हैं और समस्याओं को हल करना सीखते है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव ने कहा कि सामूहिक क्रियाकलाप विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहयोग, नेतृत्व क्षमता व वाक्पटुता जैसे गुणों का संवर्धन करते हैं।

यदुवंशी गुरप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि विद्यालय में समय-समय पर उन सभी गतिविधियों का आयोजन होता है जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। इस अवसर पर प्राचार्य सुखविंद्र सिंह, उप प्राचार्य पवन यादव, हैड अरविंद्र यादव, नरेंद्र यादव, सुंदर सुहाग एवं किड्स हैड निशा यादव आदि उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। तरणताल में स्नान करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# हरियाणा स्कूल में मनाया विश्व उच्च रक्तचाप दिवस

## स्कूल चेयरमैन हितेश शर्मा ने बच्चों को बताया स्वास्थ्य का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मोहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय चेयरमैन हितेंद्र शर्मा ने बताया कि विश्व उच्च रक्तचाप दिवस हर वर्ष 17 मई को मनाया जाने वाला एक वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम है। जिसका उद्देश्य गंभीर चिकित्सा जटिलताओं के विकास में उच्च रक्तचाप के प्रभाव को समझाने व रोकथाम पर ज्ञान प्रदान करने के अलावा लोगों का बढे.हुए रक्तचाप के दुष्प्रभाव के बारे में बताना है। उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर कहा जाता है, क्योंकि यह शरीर में धीरे-धीरे बढ़ता है, जिसके कारण विभिन्न ह्रदय संबंधित विकार जैसे मायोकर्डियल इफ्रक्शन, स्ट्रोक, ह्रदय विफलता का विकास होता है। यह किसी भी प्रकार का कोई चेतावनी संकेत या लक्षण नहीं देता है। हाइपरटेंशन एक गंभीर समस्या है, जो आगे चलकर बच्चों में स्ट्रोक, हार्ट फेलियर और किडनी संबंधित बीमारियों का कारण बन सकती है। ऐसे समय रहते इसकी पहचान और इससे बचाव जरूरी है। एक रिसर्च के मुताबिक भारत में 10 से 12 वर्ष की उम्र के 35 फीसदी बच्चे व 13 वर्ष से अधिक आयु के 25 प्रतिशत बच्चे हाइपरटेंशन के शिकार है। इस मौके पर प्राचार्य अवनीश कुमार, रामनिवास डीपीई, अशोक कुमार, संजय कुमार, नरेश कुमार, मनमोहन, वंदना सैनी, अल्पना शर्मा, लक्ष्मी चौहान मौजूद रहे।



नारनौल। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### धारूहेड़ा में कंपनी के टावर का पार्ट चोरी

**धारूहेड़ा।** गोल्डन हट विला के पास चोर एक कंपनी के टावर का महंगा पार्ट चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में रोहतक निवासी कंपनी सुपरवाइजर ने बताया कि वह चेकिंग के लिए टावर पर पहुंचा, तो उसका एक पार्ट गायब मिला। उसने कंपनी कर्मचारियों से पूछताछ की। किसी ने पार्ट चोरी होने के बारे में कुछ नहीं बताया। उसने कंपनी प्रबंधन को चोरी से अवगत कराते हुए शिकायत दर्ज कराई।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने रामपुरा में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 3 जनवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने रामपुरा निवासी बिरेंद्र और उसकी पत्नी सीमा को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### रास्ता रोककर मारपीट करने का केस दर्ज

**बावल।** जलियावास के पास एक गाड़ी चालक से मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस बयान में मोमनपुर निवासी पवन कुमार ने बताया कि चालक छुट्टी पर होने के कारण वह अपनी गाड़ी से दूध की सप्लाई लेकर जा रहा था। जलियावास के पास टैंपो में आए चार लोगों ने गाड़ी रुकवाकर उसके साथ मारपीट की। कसोला थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### मारपीट और धमकी देने के आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** गत मई की रात एक पीजी में पंजाब के युवक लक्की के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस बयान में लक्की ने आरोप लगाया था कि अनीश ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के सहड़ निवासी अनीश, महेंद्रगढ़ के कलवाड़ी निवासी मनीष और राजस्थान के सागा निवासी राहुल को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

## पार्क में लगी स्ट्रीट लाइट आधी से अधिक बंद, लोगों को हो रही परेशानी

# चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में देखरेख के अभाव में फव्वारे खराब व झूले टूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर के लोगों की सेहत को बेहतर रखने के लिए तैयार किए गए शहर का एक मात्र चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क की हालत देख-रेख के अभाव में बिगड़ती जा रही है। पार्क में इन दिनों बच्चों के अधिकतर झूले खराब है। इसके अलावा देखरेख के अभाव में पार्क में घास बड़ी हो रही है। इसके अलावा सैर करने वाले ट्रेक की टाइलें उखड़नी लगी हैं। इसके अतिरिक्त पार्क में लगी स्ट्रीट लाइट आधी से अधिक बंद पड़ी हैं। पार्क में सुबह-शाम घूमने आने वाले लगभग एक हजार लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि शहर का एकमात्र चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क 11 साल पूर्व बनाया गया था। इस पार्क का उद्घाटन तत्कालीन सीएम चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 20 मई 2012 को किया था। पार्क को दस एकड़ भूमि में विदेशी घास एवं पौधों के साथ विकसित किया गया था। पार्क में बच्चों के लिए झूले भी लगाए गए थे। लोगों का कहना है कि पार्क में और झूले लगा दिए जाएं तो बच्चों के लिए अच्छा। महिलाओं के लिए सुरक्षा भी होनी बहुत जरूरी है।

शहर निवासी नरेश, आकाश, कोमल, विक्की, विजय, राकेश, सुरेंद्र, निर्मला ने बताया कि नगर पालिका का यह पार्क शहर के सबसे अच्छा पार्क है, लेकिन इन दिनों देखरेख का अभाव बना हुआ है। इसके कारण यहां झूले टूट जाने के बच्चों को पार्क आना अच्छा नहीं लगता। इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रहीं है, शाम के समय बच्चे पार्क में घूमने की जिद करते हैं। सबसे पहले बच्चे झूले की ओर जाते हैं। बच्चे इन टूटे झूलों से चोटिल हो सकते हैं। अभिभावकों का कहना है कि एक बार कोई भी झूला यदि टूट जाता है, तब प्रशासन इसकी तरफ लंबे समय तक ध्यान नहीं दिया जाता है। बच्चे फिर भी जिंद में इस पर खेलने का प्रयास करते हैं, ऐसे में इन पर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है।





महेंद्रगढ़। पार्क में टूटे झूले तथा टूटा पड़ा बच्चों का झूला। फोटो: हरिभूमि

### मोटर पड़ी है बंद

रणबीर सिंह हुड्डा पार्क की सुंदरता को बढ़ाने के लिए एक बड़ा फव्वारा सेट लगाया गया है। पार्क बनने के बाद यह फव्वारा सेट बहुत कम चला है। काफी सालों से फव्वारा एवं उसकी मोटर खराब पड़ी है। पार्क के गेट के पास छोटा फव्वारा लगा हुआ है वह भी खराब पड़ा है। इसके अतिरिक्त पार्क में कई जगह बिजली के नंगे तार है, जिससे कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पार्क में सुविधाएं मुहैया करवाई जाए।

### करवाएंगे ठीक

चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में बच्चों के झूले टूटे पड़े हुए हैं, आचार संहिता के हटने के बाद टूटे झूले को ठीक करवाया जाएगा। इसके अलावा फव्वारा सेट को भी दुरूस्त करवाया जाएगा, ताकि लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

-रमेश सैनी, चेयरमैन, नगर पालिका महेंद्रगढ़।



नारनौल। स्कूल मुखियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# मतदान को लेकर स्कूल मुखियाओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

■ विजेताओं को मिलेगा क्रमश 23, 10 और पांच हजार रुपये ईनाम

जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग की तरफ से शुक्रवार को खंड के सभी स्कूल मुखियाओं की बैठक पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य मतदान प्रतिशत में वृद्धि व ऑनलाइन यूथ मेंबरशिप का रजिस्ट्रेशन था। इस बैठक में खंड के सभी मुखियाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर टेकचंद यादव ने शत-प्रतिशत मतदान से संबंधित सभी मुखियाओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्कूल मुखिया प्रार्थना सभा में बच्चों को प्रेरित करें, ताकि बच्चे घर जाकर अपने अभिभावकों को मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने जागरूक करें। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को अंगुली पर नीली स्याही लगाकर क्यूआर कोड स्कैन करके सेल्फी अपलोड करने के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि सभी विद्यार्थी परिवार के मतदाताओं की ऊंगली पर लगी नीली लकीर के साथ सेल्फी अपलोड करके नकद ईनाम पाए। जिला स्तर पर ड्रा निकाला जाएगा। जिसमें पहले, दूसरे, तीसरे विजेता को क्रमश दस हजार, पांच हजार व ढाई हजार रुपये प्राइज दिया जाएगा। रमेश सोनी ने बताया कि जिस विद्यालय की ओर से सबसे ज्यादा सेल्फी अपलोड की जाएगी, उस विद्यालय को भी क्रमशः 25000, 10000, 5000 रुपये का ईनाम दिया जाएगा। मंच संचालन प्राथमिक सहायता प्रवक्ता पवित्रा यादव ने किया। इस मौके पर अंजना, रमेश चंद्र, सत्यवीर सिंह, अगेन्द्र कब मास्टर आदि मौजूद रहे।

# नप टीम ने लंबे समय बाद हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

■ नगर परिषद की टीम ने महाराणा प्रताप चौक से शिव चौक तक सड़क से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई

नगर परिषद की ओर से शहर में लंबे समय बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह अभियान नगरायुक्त अनुपमा अंजलि के दिशा निर्देश पर मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। नगर परिषद की टीम ने महाराणा प्रताप चौक से शिव चौक तक सड़क से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर ने बताया कि शुक्रवार को टीम की ओर से शहर में सड़क पर जूस कार्नर व फूड स्टाल चलाने वाले अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त किया गया तथा उनके अवैध टीन शैड को हटाया गया। टीम ने स्टूल, कुर्सी व बैंच को जब्त किया गया। टीम में ओमप्रकाश, दीपक व रोहित सहित नगर परिषद के अन्य कर्मचारी शामिल है।




रेवाड़ी। महाराणा प्रताप चौक से अतिक्रमण हटाती टीम। फोटो :हरिभूमि

# नाहड़ से श्याम नगर सड़क पर गड्ढे बने लोगों का सिरदर्द, प्रशासन से की समाधान की मांग

■ जर्जर हुई सड़क के कारण वाहन चालकों तथा राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

नाहड़ से श्याम नगर वाया सुरेहली मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है,सड़क पर जगह-जगह भारी गड्ढे बन गए हैं। जर्जर हुई सड़क के कारण वाहन चालकों तथा राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मार्ग को जल्द से जल्द ठीक दुरुस्त कराने की मांग की है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल की ओर से नाहड़ से श्याम नगर वाया सुरेहली मार्ग की 5.29 किलोमीटर सड़क 2018 में बनवाई गई थी, जोकि वर्तमान में पूरी तरह जर्जर हालत में आ चुकी है। जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हुई सड़क के कारण वाहन चालकों तथा लोगों को पैदल चलने में भारी परेशानी का उठानी पड़ रही है। इस मार्ग से काफी वाहनों का आवागमन रहता है। सुबह-शाम ग्रामीण तथा बच्चे भी घूमने फिरने के लिए निकलते हैं। कोसली पुल का निर्माण चलने से भी लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को कोसली तहसील, इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, कैंटीन व बैंक के लिए इसी रास्ते से जाना होता हैं। रेवाड़ी के लिए भी यह सबसे छोटा रूट है। लोग नाहड़-सुरेहली-दड़ौली-रेवाड़ी वाया बेरली से जाते हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मार्ग को जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग की है।



रेवाड़ी। नाहड़ से श्याम नगर वाया सुरेहली मार्ग की जर्जर हालत।

### क्या कहना है अधिकारियों का

विभाग के जेई राज सिंह ने बताया कि नाहड़ से श्याम नगर वाया सुरेहली रोड क्षतिग्रस्त है। कोसली पुल का काम चलने के कारण इस रोड पर व्हीकल्स की ज्यादा नफरी होने से यह रोड टूट गया है। 2 साल में रोड की मेंटेनेंस की जानी होती है। अगस्त 2023 में 45 मार्ग, जिसमें यह रोड भी शामिल है। सभी जिला परिषद के अधीन किए गए थे। अब यह उन्हीं के अंडर हैं। अगर हमारे चार्ज मिलता है, तो इसकी मरम्मत कराई जाएगी।

### ट्रॉले की टक्कर से एक युवक घायल

**बावल।** बणीपुर चौक के पास ट्रॉले की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। पुलिस बयान में राजस्थान के नंगली बलाहिर निवासी सुरेंद्र ने बताया कि वह स्कूटी लेकर कंपनी में जा रहा था। बणीपुर चौक के पास पेट्रोल खत्म होने से स्कूटी बंद हो गई। वह स्कूटी खड़ी करने के बाद पेट्रोल पंप देखने के लिए पैदल निकल पड़ा। वापसी ने एक ट्रॉले ने उसे टक्कर मार दी।

### खंडोड़ा में कूड़ा डालने को लेकर विवाद में तीन लोग घायल

**रेवाड़ी।** खंडोड़ा में घर के सामने कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद में महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी। अस्पताल में उपचाराधीन बाबूलाल ने पुलिस बयान में बताया कि उसका पड़ोसी पूर्ण मकान बना रहा है। मकान का कूड़ा उसके घर की ओर डाला जाता है। उसने पूर्ण से कूड़ा उठाने को कहा तो उसने झगड़ा करना शुरू कर दिया। बाबूलाल का आरोप है कि पूर्ण ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसकी पत्नी और भतीजा बचाव में आए, तो इन लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की। इन लोगों ने पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी। ग्रामीणों ने बचाव कराते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

### कर्मचारी की मौत मामले में एक गिरफ्तार

**बावल।** गत 23 मार्च को आईएमटी की एक कंपनी में हाइट से गिरने से हुई श्रमिक की मौत मामले में एक आरोपी को कसोला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। श्रमिक नासिक के मंगशरा निवासी इमरान की कंपनी में काम करते समय गिरकर मौत हो गई थी। उसकी पत्नी के बयान पर पुलिस ने कंपनी प्रबंधन व ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने मुंबई के ओल्ड घनवेल निवासी रूहान को इस केस में गिरफ्तार किया है।

## श्री धार्मिक रामलीला मैदान में कथा का दूसरा दिन

# दु:ख, दर्द व पाप को नष्ट करती है भागवत कथा

■ नारायण जी की आज्ञा से ब्रह्मा जी ने सर्वप्रथम सृष्टि का किया था निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

श्री धार्मिक रामलीला मैदान मोहल्ला चांदुवाड़ा में आयोजित की जा रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को आचार्य राजेश बोहरा, आचार्य राजेंद्र शास्त्री, नारायण शास्त्री, पंडित गगन भारद्वाज, देवेंद्र शास्त्री, भूपेश शास्त्री व कुशाल शास्त्री ने मुख्य यजमान ललित सैनी, अमित गोयल, शिवशंकर भारद्वाज से विधि विधान पूर्वक पूजा संपन्न करवाई। सभी यजमानों ने पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ प्रभु को याद करते हुए कथा स्थल पर आमंत्रित कर शांति पूर्वक कथा पूजन संपन्न करवाने का आह्वान किया। कथा व्यास पंडित नवीन कौशिक ने कथा के दूसरे दिन शुकदेव जी के जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान नारायण की आज्ञा से ब्रह्मा जी ने सर्वप्रथम सृष्टि का निर्माण आरंभ किया और ब्रह्मा जी ने अपने शरीर से सृष्टि के पहले पुरुष मनु व स्त्री शतरूपा को प्रकट किया। महाराज ने बताया कि भगवान को किस प्रकार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही व्यक्ति के सभी दुख, दर्द व पाप कमार्ं का नाश हो जाता है। कथा सुनने पधारे सभी भक्तजनों ने भक्तिभाव में लीन होकर श्रीमद्भागवत कथा का रसपान किया। इस मौके पर दुर्गा प्रसाद सिंघल, जगदीश भारद्वाज, कैलाश चंद गर्ग, जयप्रकाश अग्रवाल, भगवत स्वरूप गोस्वामी, टीटू सोनी, राजेश सैनी, मंगल सिंह यादव आदि मौजूद रहे।



नारनौल। श्रीमद्भागवत कथा में झांकी निकालते हुए। फोटो: हरिभूमि

# पाठक पुरस्कार योजना के तहत इनाम वितरण का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

दैनिक हरिभूमि की पाठक पुरस्कार योजना के तहत इनाम वितरण का कार्य शुरू हो गया है। शुक्रवार को पाठक पुरस्कार योजना के तहत शहर के वार्ड नंबर दो के सिनेमा रोड निवासी पाठक रामबिलास सैनी को लंच बॉक्स का इनाम दिया गया। इसके अलावा 15 पाठकों को इनाम दिया जा चुका हैं। उपहार पाने वालों के चेहरे खुशी से खिले हुए हैं। रामबिलास सैनी ने कहा कि वे लंबे समय से लगातार दैनिक हरिभूमि अखबार पढ़ रहे हैं। इस अखबार में सही समाचार मिलता है, जिसे पढ़कर देश दुनिया के साथ-साथ जिले में हो रही घटनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि अगर हॉकर दूसरा पेपर देने की कोशिश करता है तो वे उसे नहीं लेते हैं। उन्होंने बताया कि दैनिक हरिभूमि द्वारा समय-समय पर पाठक पुरस्कार योजना चलाता है। इस मौके पर जिला विज्ञापन प्रबंधक सोहन भोल्यान, विकास गोडवाल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




महेंद्रगढ़। रामबिलास सैनी को इनाम वितरित करते सोहन भोल्यान। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप



नारनौल। बीएलओ की बैठक लेते एडीसी दीपक बाबूलाल करवा।

### एडीसी ने ली बीएलओ की बैठक

**नारनौल।** लोकसभा आम चुनाव में मतदाताओं को उनके मतदान केंद्रों के बारे में स्टीक जानकारी देने के लिए इस बार भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार बीएलओ के माध्यम से वोटर इनफॉरमेशन स्लिप (बूथ पर्चियां) घर-घर बांटी जाएगी। सभी बीएलओ यह काम आगामी 20 मई तक पूरा करें। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में शहर के बीएलओ की बैठक में दिए। इस अवसर पर एडीसी ने कहा कि इसके साथ-साथ परिवार पहचान पत्र की सभी मतदान केंद्रों की मैपिंग भी सही तरीके से होनी चाहिए। अगर इस संबंध में कहीं आंकड़ा गलत है तो उसे दुरुस्त किया जाए। उन्होंने बताया कि बूथ पर्चियों में मतदाता सूची में भाग और क्रमांक सहित मतदाताओं का मूल विवरण शामिल होगा। इससे मतदाताओं को अपने बूथ तक पहुंचने में आसानी रहेगी। एडीसी ने कहा कि यह दोनों कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए।

### प्यारेलाल बने जोगी नाथ समाज संगठन के प्रधान

**नारनौल।** जिला जोगी नाथ समाज उत्थान संगठन के सभी पदों के त्रिवार्षिक चुनाव सर्वसहमति से संपन्न हुए। अब कमेटी तीन वर्ष तक कार्य रहेगी। इस अवसर पर पदाधिकारियों के चुनाव सर्वसम्मति से हुए। जिसमें प्यारेलाल योगी निवासी पटीकरा को प्रधान, सचिव पद के लिए नरेंद्र सिंह बड़कोदा, कोषाध्यक्ष पद पर धर्मपाल योगी कैलाश नगर को चुना गया।

यह जानकारी देते हुए मास्टर संजय योगी ने बताया कि नवनियुक्त कमेटी का चयन पूर्ण होने उपरांत संस्था की ओर से सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 19 मई को सुबह 11 बजे गुरु गोरक्षनाथ मंदिर प्रांगण में एक आम सभा के दौरान किया जाएगा। जिसमें समाज के सभी गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है।



कनीना। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए।

### पीएचसी भोजावास में मनाया उच्च रक्तचाप दिवस

**कनीना।** पीएचसी भोजावास में शुक्रवार को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने ग्रामीणों को उच्च रक्तचाप के लक्षण व बचाव के उपाय बताए। इस अवसर पर डा. दीपांशु ने बताया कि उच्च रक्तचाप बीमारी का दूसरा स्वरूप है। उच्च रक्तचाप से बचने के लिए उन्होंने नमक व चीनी का सेवन कम से कम करने की सलाह दी। डिप्रेशन से बीपी तथा चिडचिडापन की समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने संतुलित आहार व संतुलित व्यवहार करने की सलाह दी है। इस मौके पर एचआई राजकुमार, प्रेमलता, पूनम, मुकेश बाई, पुष्पा, रामबीर, सोनू, उमेद, सपना आदि मौजूद थे।

## गेहूं खरीद की अंतिम तिथि 15 मई से बढ़कर 22 तक की गई

# सरकार ने बढ़ाया खरीद के लिए एक सप्ताह, मंडियों में गेहूं की आवक नाममात्र

- महेंद्रगढ़ जिले की छह अनाज मंडियों में से तीन मंडियों में इस सीजन अब तक रही है गेहूं की सरकारी मूल्य पर बिक्री शून्य
- केवल सतनाली में स्थिति रही ठीकठाक, कुछ आवक कनीना एवं अटेली मंडी में भी हुई, लेकिन सरसों की तुलना में नाममात्र को

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

राज्य सरकार ने सरकारी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद का शेड्यूल एक सप्ताह और बढ़ा दिया है। पहले खरीद की अंतिम तिथि 15 मई थी, जो अब बढ़कर 22 मई हो गई है, लेकिन इस शेड्यूल बढ़ाने का जिला महेंद्रगढ़ के किसानों को कोई खास लाभ नहीं मिल पाएगा, क्योंकि जिले के किसान अब आमदनी बढ़ाने पर पूरा फोकस करने लगे हैं तथा पेट भरने वाली गेहूं की फसल की बजाए अब वह सरसों की फसल बेशुमार मात्रा में पैदावार करने लगे हैं। यही वजह है कि मंडियों में सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों खरीद के दौरान आए दिन नए-नए रिकार्ड बनते और टूटते थे, लेकिन गेहूं नाममात्र को ही इक्का-दुक्का मंडियों में पहुंचता था। नारनौल मंडी ऐसी रही, जिसमें सरकारी रेट पर बिक्री के लिए गेहूं का एक भी दाना खरीद के लिए नहीं पहुंचा।

उल्लेखनीय है कि जिला महेंद्रगढ़ में छह मंडियां नारनौल, महेंद्रगढ़, कनीना, अटेली, नांगल चौधरी एवं सतनाली में बनी हुई हैं। इन सभी मंडियों को सरसों की भांति ही सरकारी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन इनमें सरसों तो खूब आई, लेकिन गेहूं आवक की स्थिति नगण्य रही।

छह में से तीन मंडियां ही ऐसी रही, जिनमें 13454 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। सरकार ने गेहूं का सरकारी समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल तय किया हुआ है और इसकी खरीद गत एक अप्रैल से शुरू की गई थी। सरकार ने गेहूं खरीद का जिम्मा हैफेड, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन का लगाया था।

हैफेड को अटेली व महेंद्रगढ़, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को नांगल चौधरी, नारनौल व सतनाली तथा वेयर हाउस को कनीना मंडी अलॉट की गई थी।



नारनौल। अनाज मंडी। फोटो : हरिभूमि

### सतनाली में हुई गेहूं की सबसे अधिक खरीद

गेहूं की खरीद सतनाली मंडी में सर्वाधिक रही। एक अप्रैल से 15 मई तक डेढ़ महीने में 6680.40 मीट्रिक टन गेहूं सतनाली में खरीदा गया, जबकि नारनौल, महेंद्रगढ़ एवं नांगल चौधरी मंडियों में गेहूं की आवक सरकारी समर्थन मूल्य पर शून्य रही। कनीना मंडी में 6156.70 मीट्रिक टन, अटेली में 617.65 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई।

### नारनौल में प्राइवेट में नाममात्र को बिके गेहूं

नारनौल मंडी एक जमाने में जिले की सबसे बड़ी मंडी होती थी, लेकिन भू-जल स्तर गिरने एवं बार-बार सूखा पड़ने से इस एरिया में गेहूं की पैदावार से किसानों का मोह भंग हो गया। गेहूं की तुलना में सरसों का ज्यादा भाव भी गेहूं की पैदावार पर मार करता रहा है। यह वजह है कि नारनौल समेत महेंद्रगढ़ एवं नांगल चौधरी मंडियों में सरकारी रेट पर बिक्री के लिए गेहूं पहुंचा ही नहीं। नारनौल मंडी में थोड़ा बहुत नाममात्र को गेहूं बिक्री के लिए आया। नारनौल में कॉलेज समीप बनी अनाज मंडी में गत चार अप्रैल को मात्र 14 क्विंटल गेहूं प्राइवेट में बिक्री के लिए पहुंचा था। इसके बाद 11 अप्रैल को 20 क्विंटल, 22 अप्रैल को 11 क्विंटल तथा 29 अप्रैल को मात्र 23 क्विंटल गेहूं बिक्री के लिए पहुंचा, जिसे व्यापारियों ने लगभग 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद लिया। इसके अलावा नांगल चौधरी रोड पर जल महल के समीप स्थित अनाज मंडी में आढ़तियों के पास अब तक केवल 68 क्विंटल गेहूं बिक्री के लिए पहुंचा है। इस प्रकार अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिला महेंद्रगढ़ में गेहूं की मंडियों में आवक बिल्कुल नगण्य रही है और इसी कारण यहां के लोगों को दूसरे जिलों व राज्यों से गेहूं मंगवाकर गुजारा करना पड़ता है।



नारनौल। कमीशनिंग के कार्य का निरीक्षण करती डीसी मोनिका गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

## डीसी ने किया ईवीएम के कार्य का निरीक्षण

- ईवीएम मशीनों में सिंबल अपलोडिंग के साथ पोलिंग पार्टियों के लिए किट तैयार की जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने शुक्रवार को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बेल) की ओर से चल रहे ईवीएम की कमीशनिंग के कार्य का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार लोकसभा आम चुनाव के लिए आईटीआई महिला एवं पीआर सेंटर पर चल रहे इस कार्य को देखने के लिए राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों को भी बुलाया गया था। उपायुक्त ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम मशीनों में सिंबल अपलोडिंग के साथ-साथ पोलिंग पार्टियों के लिए किट तैयार की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सारा कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ होता है। हर कार्य की वीडियोग्राफी की जाती है। सभी स्ट्रांग रूम सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हैं। साथ ही सुरक्षा के प्रबंध भी किए गए हैं। हर कार्य भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश अनुसार समय पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नारनौल व नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग तथा चुनावी पार्टियों के लिए किट तैयार करने का कार्य महिला आईटीआईए अटेली विधानसभा क्षेत्र के लिए पीआर सेंटर और महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए यह कार्य राजकीय कॉलेज महेंद्रगढ़ में किया जा रहा है। अब चुनावी पार्टियां 24 मई को अंतिम रिहर्सल के साथ अपने-अपने बूथों के लिए रवाना होंगी।

## गलत स्कैनर भेजकर 14250 की धोखाधड़ी

### पीड़ित ने तीनों के खिलाफ की कानूनी कारवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

गांव निम्बहेड़ा निवासी ईंट सप्लायर के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया हैं। सप्लायर ने पुलिस थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मनोज कुमार ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव निम्बहेड़ा का रहने वाला हैं। वह अपने ट्रेक्टर-ट्रॉली में गांव पचेरी के भट्टे से ईंट लाकर सप्लाई का काम करता है। 15 मई को वह अपने ट्रेक्टर-ट्रॉली में गांव पचेरी से 3100 ईंट भट्ठे से लेकर आया था। अपने ट्रेक्टर-ट्रॉली को ईंटों सहित सतनाली चौक पर लाकर खड़ा कर दिया। समय करीब 10.30 बजे सुबह एक फोन आया। फोन करने वाला कहने लगा कि वह सोनू बोल रहा है। उसे गांव जाट में अभय सिंह फौजी के कुएं पर 3000 ईंट डलवानी है। किस रेट में डालेंगे। जिस पर उसे 3100 ईंट की कीमत 17980 रुपये बताई। फिर वह सोनू नाम का लड़का कहने लगा, थोड़ा सा ठीक हिसाब लगा लो। 17800 रुपये पर सहमति बनी और उसने अभय सिंह फौजी के कुएं पर ईंट भेजने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि वह अभय सिंह फौजी के कुएं पर ईंट उतारकर अपना ट्रेक्टर-ट्रॉली लेकर सिसोठ बस अड्डे पर आया और वहां आकर सोनू के पास फोन किया तो उसने अपना फोन स्वीच ऑफ कर लिया। फिर अभय सिंह फौजी गांव जांट वाले के पास फोन किया तो उसने बताया कि उसके पास सोनू का फोन आया था। उसने मुझे कहा कि आपके पास स्कैनर भेज दिया है, आप उस स्कैनर के 14400 रुपये डाल दो। जिस पर सोनू के भेजे हुए स्कैनर पर 14400 रुपये डाल दिए। फिर अपने स्तर पर स्कैनर का पता किया तो वह स्कैनर श्याम सुंदर ब्रह्मचारी रोड जाट कॉलोनी का था। जब वहां पता किया तो लालवीर, मोनू व सोनू तीनों श्याम सुंदर से 14250 रुपये ले आए। इन तीनों ने मिलकर उसके साथ ठगी का काम किया है। मनोज ने पुलिस से मांग की है कि इन तीनों के खिलाफ कानूनी कारवाई की जाए।

## पुलिस पर्यवेक्षक ने एसपी महेंद्रगढ़, एसपी दादरी व एसपी भिवानी के साथ की बैठक

- निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

लोकसभा आम चुनाव के लिए आईपीएस धनश्याम बंसल को पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पुलिस पर्यवेक्षक ने शुक्रवार को एसपी महेंद्रगढ़ अर्श वर्मा, एसपी दादरी पूजा वशिष्ठ व एसपी भिवानी वरुण सिंगला के साथ बैठक की और स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण भी किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव के मध्यनजर कानून व्यवस्था के लिए बनाई गई रणनीति के संबंध में पुलिस के सभी अधिकारियों चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सभी से निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित बनाने को कहा।



नारनौल। स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण करते पुलिस पर्यवेक्षक। फोटो : हरिभूमि

पुलिस पर्यवेक्षक घनश्याम बंसल ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न करवाने को लेकर तीनों जिलों में किए प्रबंधों की जानकारी ली। उन्होंने ईवीएम, वीवीपैट, स्ट्रांग रूम व मतगणना केंद्रों में किए इंतजामों, कर्मचारियों के रहने, खाने के प्रबंधों, पुलिस और होमगाड्र्स की तैनाती, सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की स्थिति, निगरानी समेत चुनाव प्रबंधन से जुड़े प्रत्येक पहलू की बिंदुवार जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस पर्यवेक्षक ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान व मतगणना के दौरान दी जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था परखी। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में तैनात जवानों को ड्यूटी पर सतर्क रहना होगा। सीसीटीवी कैमरों को देखा गया। मॉनिटरिंग रूम सहित सुरक्षा व्यवस्था से जुडे.अन्य सभी मानकों तथा पहलुओं का निरीक्षण किया। एसपी अर्श वर्मा ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के संबंध में पर्यवेक्षक को जानकारी दी।

## अधिकारियों के साथ पुलिस आब्जर्वर ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- पुलिस पर्यवेक्षक घनश्याम बंसल को नियुक्त किया गया

भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से लोकसभा आम चुनाव के लिए नियुक्त पुलिस आब्जर्वर धनश्याम बंसल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के मीटिंग हॉल में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए जिले में कानून व्यवस्था के लिए बनाई गई रणनीति के संबंध में डीसी, एसपी व पुलिस के सभी अधिकारियों चर्चा की। बता दें कि लोकसभा चुनाव के लिए पुलिस पर्यवेक्षक घनश्याम बंसल को नियुक्त किया गया है। पुलिस पर्यवेक्षक ने जिला प्रशासन से उन मतदान केंद्रों की सूची ली, जहां पर मतदान के समय किसी प्रकार का झगड़ा होने की संभावनाएं रहती हैं। उन्होंने कहा कि अपना खुफिया तंत्र पूरी तरह से मजबूत रखें। हर गांव से पूरी रिपोर्ट पुलिस अधिकारियों के पास होनी चाहिए, ताकि संभावित घटना को पहले ही रोका जा सकें। अधिकारी ने अंतर राज्य पुलिस नाकों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों की पुलिस के साथ भी तालमेल बनाए रखें, ताकि किसी प्रकार की आपराधिक घटना होने पर अपराधी को काबू किया जा सकें। इस अवसर पर एसपी अर्श वर्मा ने चुनाव के संबंध में किए गए पुलिस प्रबंध का ब्यौरा दिया। एसपी ने कहा कि बॉर्डर के नाकों पर संदिग्धों व वाहनों की तलाशी ली जा रही है। साथ ही उन गांवों की भी सूची तैयार की गई हैं। जहां मतदान के समय झगड़ा होने की संभावना हो सकती है। महेंद्रगढ़ पुलिस की ओर से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जहां जिले के अंदर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, वहीं साथ लगते राज्य राजस्थान की सीमाओं पर चौकसी बढ़ाकर साथ लगते थाना प्रभारियों तथा अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल के लिए बैठकें की जा रही हैं।

## गोशाला के सदस्य ने प्रधान पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

- 10-11 लोगों को बुला जानलेवा हमला करने का आरोप

श्री गोशाला के कार्यकारी सदस्य ने गोशाला के प्रधान व अन्य पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। सिटी पुलिस ने गोशाला सदस्य की शिकायत पर प्रधान सहित अन्य पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोशाला सदस्य सीताराम ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह वार्ड नंबर-तीन के मौहल्ला कायमपुरा नजदीक पाठशाला स्कूल का निवासी है। वर्ष 2000 से वह गोशाला के विभिन्न पदों पर रहते हुए कार्य करता आ रहा है। अब फिलहाल श्री गोशाला रजिस्ट्रेशन महेंद्रगढ़ का कार्यकारी सदस्य है। बीती तीन मई को व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना मिली कि पांच मई को श्री गौशाला की मासिक बैठक है। वह निर्धारित समय पर मीटिंग के लिए पहुंच गया था तथा समय पर सभा की मीटिंग की शुरूआत की गई। इसके पश्चात गोशाला के लिए गाय खरीदने का एजेंडा सचिव द्वारा प्रस्तुत किया गया। एजेंडों को बिना सभा में विचार किए सचिव द्वारा सर्वसम्मति से पास करके फैसला कार्रवाई बुक में लिख दिया। जिसका उसने विरोध किया और कहा कि बिना राय लिए आप फैसला नहीं लिख सकते। इतना कहते ही प्रधान ईश्वर सिह तैस में आ गया तथा गालियां देने लगा। प्रधान ने कहा कि आज तेरा ईलाज करवा दूंगा। प्रधान ने अपने दोनों बेटे, पोते व गांव के 10-11 लोगों को बुला लिया। उन्होंने आते ही उस पर जानलेवा हमला कर दिया। वहां मौजूद लोगों ने उसे छुड़वाया। मारपीट करने वाले ने कहा कि आज तो तुझे इन लोगों ने बचा लिया, मौका मिलते ही तुझे जान से मार देंगे। इसके बाद उसने डायल-112 पर फोन करके सूचना दी व फिर सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया।

### कुंजपुरा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर व भंडारा 22 को

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव कुंजपुरा में रामचंद बोहरा की ओर से 22 मई को निःशुल्क नेत्र जांच, ऑपरेशन एवं दवाई शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। कैंप के आयोजक नीरज यादव कुंजपुरा ने बताया कि शिविर में निःशुल्क जांच के अलावा ऑपरेशन वाले मरीजों को चिह्नित कर उनका मिश्री देवी आई हास्पिटल बहरोड़ के चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन, दवाई आदि निःशुल्क प्रदान की जाएगी। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. बिरेंद्र यादव द्वारा मरीजों की आंखों की जांच करेंगे।

### सेवानिवृत्त शिक्षाविद ओमप्रकाश गौड़ बवानिया वाले का निधन



**महेंद्रगढ़।** शहर के 11 हट्टा बाजार स्थित बड़ा दरवाजा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षाविद ओमप्रकाश गौड़ बवानिया वाले का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे। वे अपने पीछे एक पुत्र व तीन पुत्रियों सहित भरापुरा परिवार छोड़कर गए है। शिक्षाविद ओमप्रकाश गौड़ बेहद ही मृदुभाषी व सामाजिक व्यक्तित्व के धनी थे। 31 जनवरी 2006 को गांव झगड़ोली स्कूल से सेवानिवृत्ति के बाद वे समाजसेवा के कार्य में लगे हुए थे। शहर के मोदाश्रम स्थित स्वर्ग आश्रम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें मुखाग्नि उनके पुत्र डा. बिजेंद्र भारद्वाज ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में डा. ताराचंद सैनी, विश्वनाथ मिश्रा, सज्जन सिंह मास्टर, मुकेश गोयल, सुरेश शर्मा, विनय कौशिक आदि शामिल हुए।

### राजवंशी स्कूल दौचाना में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**नारनौल।** दौचाना स्थित राजवंशी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा छठी से आठवी का इंटर क्लास पेंटिंग व स्केचिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। जिसका प्रसंग बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मोबाइल के दुष्परिणाम व ग्लोबल वार्मिंग था। इस अवसर पर बच्चों ने चित्रांकन के माध्यम से अपने अपने तुलिकाओं में रंग भरे तथा तथाकथित मुद्दों को दर्शाया। विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से आज की नई पीढ़ी को मोबाइल ऊोन के दुष्प्रभाव, समाज में बेटियों के शोषण के प्रति सजगता व प्रकृति के प्रति अपने मौलिक दायित्व के निर्वाहन करने के प्रति जागरूक करने का संदेश पहुंचाया गया। प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं की छात्रा ग्यारशी ने प्रथम, कक्षा आठवीं से ख़ुशी व कक्षा सातवीं से प्रिया ने द्वितीय तथा कक्षा आठवीं से एंजल व कक्षा सातवीं से हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



नारनौल। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## सावधानी में ही सुरक्षा, नियमों की अनदेखी ना करें: इंस्पेक्टर नरेश

# विद्यार्थियों को कराया यातायात नियमों से अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पुलिस की ओर से स्कूल व कॉलेजों में विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की जानकारी देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत ट्रैफिक थाना की टीम ने शुक्रवार को राजकीय पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक करने के साथ नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। टीम ने वीडियो माध्यम से छात्र-छात्राओं को यातायात के नियम समझाए। इस अवसर पर इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए पालन करने व दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सावधानी में ही सुरक्षा है। इसलिए जब भी वाहन लेकर निकलें, यातायात नियमों की अनदेखी ना करें, जो लोग अनदेखी करते हैं, वो न केवल खुद के लिए, बल्कि दूसरों के लिए भी हादसे का कारण बनते हैं। जिन पर अंकुश लगाने की जरूरत है, लेकिन ये सभी के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन चलाना आरंभ करने से पहले आपको वाहन के नियंत्रकों की अच्छी तरह जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने अभिभावकों, दोस्तों के साथ-साथ घर के आसपास के लोगों को भी यातायात के नियमों की पालना करने के लिए जागरूक करें। ड्राइविग लाइसेंस बनने से पहले वाहन न चलाएं। नियमों की पालना करते हुए वाहन चलाएं। वाहन चलाते समय साथ में वाहन के कागजात, हेलमेट, लाइसेंस सहित जरूरी कागजात लेकर चले।



नारनौल। विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ऐसे करें पालन

ट्रैफिक पुलिस की टीम ने बताया कि अंडरएज वाहन न चलाए, दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेल्मेट का प्रयोग करे, ओवर स्पीड से वाहन न चलाए, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करे, रॉन्ग साईड वाहन ना चलाए, दोपहिया वाहन पर ट्रीपल राइडिंग न करें, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करे, नशा करके वाहन न चलाए, अनिद्रा अवस्था में ड्राइविंग ना करे आदि यातायात नियमों की पालना करें।

## एटीएम कार्ड से पैसे निकलवाने के मामले में एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

एटीएम कार्ड उठाकर पैसे निकलवाने के मामले में थाना निजामपुर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता का एटीएम कार्ड गिर गया था। आरोपित ने एटीएम कार्ड उठाकर 31800 रुपये निकलवा लिए। पुलिस ने आरोपितों का पता लगाकर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शिकायतकर्ता ओमप्रकाश वासी बसीरपुर ने थाना निजामपुर में दी शिकायत में बताया कि 21 अप्रैल को उसके छोटे भाई सुनील को उसने अपना एटीएम कार्ड इलाज में पैसे इस्तमाल करने के लिए दिया था। उसने बताया कि 22 अप्रैल की सुबह लगभग चार बजे उसका भाई बच्चों को लेकर अस्पताल गया था, उस समय उसकी जेब से एटीएम कार्ड कहीं पर गिर गया। इसके बाद किसी ने एटीएम कार्ड उठाकर उसमे से पैसे निकाल लिए। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके खाते से 31800 रुपये निकल गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**सूचना**

मैं शिव कुमार पुत्र बनवारीलाल वासी मोहल्ला केशव नगर नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरी पुत्री रेखा पत्नी कृष्ण त्यागी मेरे कहने सुनने से बाहर है और परिवार में लडाई झगडा करती रहती है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं शिव कुमार पुत्र बनवारीलाल वासी मोहल्ला केशव नगर नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र महेंद्र सिंह व उसकी पत्नी बबली मेरे कहने सुनने से बाहर है और परिवार में लडाई झगडा करती रहती है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# मतदाता जागरूकता रैली के बहाने सरकारी स्कूल के बच्चों से करवाया 'पार्टी का प्रचार', भेजा नोटिस

**जवाब, जिस बच्चे के हाथ में पोस्टर वह स्कूल से था गैरहाजिर, पोस्टर लेकर रैली में कहीं बाहर से चकमा देकर हुआ शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

लोकसभा चुनाव में सत्ता पक्ष प्रचार प्रसार के लिए सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर रहा है। शिक्षा विभाग का सरकारी स्कूल मतदाता जागरूकता रैली के बहाने 'भाजपा का प्रचार' शुक्रवार करता दिखाई दिया। मामला सामने आया तो शिक्षा विभाग से डीईओ स्कूल पहुंचे और कार्यकारी प्रिंसिपल से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा। कार्यकारी प्रिंसिपल ने स्पष्टीकरण का जो जवाब लिखित में दिया गया तो डीईओ ने वह उपायुक्त को तुरंत भेज दिया गया। अब देखना होगा कि भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर का कार्यभार संभाल रही उपायुक्त मोनिका गुप्ता का क्या एक्शन होगा।

लोकसभा चुनाव 25 मई को है। इस कारण आदर्श आचार संहिता जिला में लगी है। बावजूद सरकारी स्कूल ही मतदाता जागरूकता रैली के बहाने 'भाजपा का प्रचार' कर रहे है। यह नजारा नारनौल शहरी क्षेत्र में शामिल गांव नीरपुर के सरकारी स्कूल का है। इस राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रबंधकों ने एक दिन पहले बच्चों को शुक्रवार सुबह मतदाता जागरूकता रैली निकालने बारे अवगत करवाया। इसके लिए पोस्टर व बैनर भी तैयार करवाएं। पोस्टर बच्चों ने तैयार किए। अगले दिन प्रार्थना सभा के बाद बच्चों के हाथ में बैनर-पोस्टर थमा दिया और गांव की गलियों में बच्चों को घुमाते हुए मतदान करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने का संदेश दिया गया। फिर यह बच्चों की रैली वापस स्कूल लौट आई। इस घटनाक्रम के कुछ समय बाद ही सोशल मीडिया पर इस मतदाता जागरूकता रैली की तस्वीरें छा गई।

इन तस्वीरों में साफ दिखाई दिया कि एक बच्चा स्कूल की सफेद ड्रेस पहने हाथ में पीले रंग का पोस्टर लेकर आगे चल रहा है। इस पोस्टर पर भाजपा का चुनाव चिन्ह दिखाई दे रहा है और साइड में अंग्रेजी शब्दों में 'वोट फॉर बीजेपी' लिखा है। इस बच्चे के ठीक पीछे अन्य विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ सदस्य दिखाई दे रहे है।

### क्या कहते है डीईओ

डीईओ सुनील दत्त ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद वह नीरपुर स्कूल गए थे। वहां कार्यकारी प्रिंसिपल से स्पष्टीकरण मांगा। जो जवाब दिया, वह उपायुक्त मैडम को भेज दिया है। वास्तव में जो घटनाक्रम हुआ, वह गलत है। ऐसा नहीं होना चाहिए था। जिस बच्चे के हाथ में यह पोस्टर है, वह छठीं कक्षा का छात्र है और सुबह स्कूल नहीं आया था, सीधे ही पोस्टर लेकर रैली में शामिल हुआ था।


नारनौल। मतदाता जागरूकता रैली में पार्टी को चिन्ह लिए विधार्थी

### क्या कहती है डीसी

भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर का कार्यभार संभाल रही उपायुक्त मोनिका गुप्ता से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि जांच के लिए डीईओ को मौके पर भेजा गया था। जांच पूरी होने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके हिसाब से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### डीईओ ने मांगा स्पष्टीकरण, डीसी को भेजा

जब यह मामला प्रशासन तक पहुंचा तो जांच पड़ताल करने जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त अपनी टीम के साथ गांव नीरपुर के इस स्कूल में पहुंचे। यहां स्थाई प्रिंसिपल पद खाली है। डीडी पावर महिला अध्यापिका नीतू को पास है। डीईओ ने उन्हें स्पष्टीकरण मांगा कि मतदाता जागरूकता रैली में किसी राजनीति दल के प्रचार प्रसार क्यूं किया गया जोकि सरासर गलत है और आचार संहिता का उल्लंघन है। कारण बताएं। शिक्षा विभाग के सूत्र बताते है कि कार्यकारी प्रिंसिपल ने स्पष्टीकरण दिया है कि एक दिन पहले वीरवार को मतदाता जागरूकता रैली के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया था।

फिर अगले दिन शुक्रवार सुबह प्रार्थना सभा के बाद मतदाता जागरूकता रैली गांव में निकाली गई। जो तस्वीर वायरल हो रही है, वह बच्चा सुबह स्कूल नहीं आया था। बाहर ही सीधे रैली में शामिल हुआ और जो पोस्टर है, वह अपने साथ लेकर आया था। पोस्टर पर स्टाफ सदस्यों की नजर नहीं गई, क्योंकि वह बाहर से ही शामिल हुआ और सबसे आगे था। हमें तो वायरल तस्वीर के माध्यम से पता चला। स्कूल प्रशासन इससे पूरी तरह अनभिज्ञ था। जानबुझकर गतिविधियों को अंजाम नहीं दिया गया।

## खबर संक्षेप

### सवा 2 लाख के गहनों के साथ पुत्रवधू गायब

**नारनौल।** कनीना के एक गांव से पुत्रवधु रात के समय घर से अचानक कहीं चली गई, जो अपने साथ करीब सवा दो लाख रुपये व घर में रखे गहने भी साथ ले गई। बुजुर्ग व्यक्ति ने बताया कि 16 मई को अलसुबह करीब तीन-चार बजे उसका बेटा पशुओं को चारा डालने के लिए उठा तो देखा कि उसकी पत्नी बिस्तर पर नहीं है। घर से सवा दो लाख रुपये व गहने भी गायब मिले। उन्हें शक है कि कोई उसकी पुत्रवधु को बहला-फुसला कर कहीं ले गया है।

### छुट्टी पर आया था फौजी ड्यूटी पर नहीं पहुंचा

**नारनौल।** थाना अटेली के अंतर्गत आने वाले एक गांव का फौजी छुट्टी पर घर आया था, लेकिन छुट्टी खत्म होने के बाद वह ड्यूटी पर वापस नहीं हुआ। ऐसे में फौजी के घर वालों के पास फौज के अफसरों के फोन आ रही उनका बेटा ड्यूटी पर नहीं पहुंचा है। इस बारे में थाना अटेली पुलिस को दी शिकायत में गांव बोचड़िया निवासी संतोष यादव ने बताया कि उसका 28 वर्षीय बेटा अक्षय यादव फौज में हिमाचल में कार्यरत है। उसका बेटा अक्षय 22 अप्रैल को फौज से छुट्टी पर घर आया था। इसके छुट्टी काटकर 14 मई को फौज में ड्यूटी पर जाने के लिए उसका बेटा घर से चला गया, लेकिन उसका बेटा फौज में ड्यूटी पर नहीं पहुंचा। जिसको लेकर फौज के अफसरों के भी फोन आ रहे है कि अक्षय ड्यूटी पर नहीं पहुंचा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर धारा 346 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छात्रा पेपर देकर नहीं लौटी घर, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय छात्रा अचानक लापता होने का मामला सामने आया हैं। छात्रा के भाई ने पुलिस थाने में शिकायत देकर उसकी तलाश करने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। छात्रा के भाई ने बताया कि उसकी बहन महेंद्रगढ़ कॉलेज में बीए सेकेंड ईयर की छात्रा हैं। 16 मई को सुबह करीब 9.30 बजे घर से कॉलेज में पेपर देने के लिए आई थी। कॉलेज में पेपर देकर वापिस घर नहीं आई है। उन्होंने बहन को लेकर अपने तौर पर सभी जगह तसल्ली कर ली है, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उसकी बहन को किसी अज्ञात व्यक्ति ने बहला-फुसलाकर कही छुपा रखा है।

## गर्मी की तपिश में चरमराई अस्पताल की व्यवस्था

# हाल बेहाल: कूलर न एसी, पैसे का पानी, चिकित्सक भी रहते नदारद

**शुक्रवार प्रात: एमरजेंसी के चिकित्सक ही नहीं, चिकित्सा अधीक्षक एवं सिविल सर्जन भी मरीजों को नहीं मिले सीट पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। आपातकालीन वार्ड में भर्ती मरीज, जहां बड़े हॉल में रखा है केवल एक कूलर व चिकित्सक के अभाव में खाली पड़ी कैजुअलिटी चिकित्सक कक्ष की कुर्सी।

इलाके का तापमान आजकल 45 डिग्री के ईद-गिर्द चल रहा है, वहीं नागरिक अस्पताल में गर्मी से बचाव के लिए कूलरों एवं एयर कंडीशनर का घोर अभाव है। उपचार के लिए अस्पताल आए मरीजों का बुरा हाल है। प्रशासनिक अधिकारियों की सुस्ती एवं लापरवाही इस कद्र उजागर हो रही है कि जो एयर कंडीशनर लगे हुए हैं, उनकी एक-एक साल से सर्विस नहीं हुई है। कैजुअल्टी की लिफ्ट खराब है। शुक्रवार को आपातकालीन वार्ड के चिकित्सक कई घंटों तक अपनी सीट पर नजर नहीं आए। कमाल की बात यह रही कि जब मरीज मेडिकल अफसर नहीं होने की जानकारी देने चिकित्सा अधीक्षक के रूम नंबर एक तथा सिविल सर्जन कार्यालय गए तो वह अधिकारी भी नदारद मिले। आपातकालीन वार्ड के नर्सिंग कक्ष में न तो कूलर है और न ही पीने को पानी। यहां का नर्सिंग स्टॉफ निजी खर्चे से वाटर कैंपर मंगवाकर पानी पीने को मजबूर है।

शुक्रवार को हालात ऐसे रहे कि जैसे आसमान से आग बरस रही हो। धूप में निकलने पर चपड़के लड़ते रहे। इन दिनों लोग भी बीमार पड़ रहे हैं, लेकिन कमाल की बात है कि उपचार के लिए नागरिक अस्पताल आए मरीजों एवं उनके साथ आए तिमारदारों को यहां राहत मिलने की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आपातकालीन वार्ड से लेकर गायिनी वार्ड तक में कूलरों एवं एसी की भारी कमी बनी हुई है। आपातकालीन वार्ड समेत समूचे लगभग अस्पताल में ही कूलरों का अभाव है। आपालकालीन वार्ड का हाल काफी लंबा चौड़ा है और वहां कम से चार कूलर होने चाहिए, लेकिन केवल एक कूलर अंदर रखा हुआ है, जिसका स्टैंड तक नहीं है, ताकि कूलिंग के लिए उसे बाहर रखा जा सके।

### पंखों का ही सहारा

आपातकालीन वार्ड के नर्सिंग कक्ष में 45 पार तापमान में भी स्टाफ केवल पंखे के सहारे ड्यूटी काट रहा है। जबकि इस कक्ष में पिछले हिस्से से सीधे धूप आती है और काफी गर्मी रहती है। इस कक्ष के स्टॉफ को दोपहर दो बजे से प्रातः 8 बजे तक ड्यूटी देनी पड़ती है, लेकिन यहां कोई सुख-सुविधा नहीं है। स्टाफ पीने का पानी भी अपनी जेब से कैंपर रखवाता है, ताकि प्यास लगने पर दूर-दराज न भटकना पड़े।

### हालात यहां भी खराब

अस्पताल का जच्चा-बच्चा वार्ड भी बुरे हालातों का शिकार है। यहां पर एडमिट होने वाली गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में कूलर व एसी नहीं है। यही हाल जहां चिकित्सक मरीजों को देखते हैं, उनके कक्षों का भी है। यदि किसी चिकित्सक कक्ष में एसी लगा भी है तो उसकी सर्विस को एक साल से ज्यादा समय हो गया है तथा एसी ने पर्याप्त कूलिंग करना बंद दिया है, लेकिन सर्विस भी नहीं करवाई जा रही। कुछ ऐसा ही हाल लगभग पूरे अस्पताल का है और कर्मचारी एवं अस्पताल आए मरीज सुस्त एवं लापरवाह अधिकारियों को कोसते रहते हैं।

### एमओ मिले न सर्जन

शुक्रवार को नागरिक अस्पताल की कैजुअलिटी के चिकित्सक (मेडिकल अफसर) सीट से नदारद रहे, जबकि कैजुअलिटी आए मरीज और अन्य लोग परेशान रहे। चिकित्सक नहीं होने पर मरीज एवं तिमारदार अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एवं स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन के पास भी गए, लेकिन कमाल की बात यह रही कि यह दोनों अधिकारी भी सीट से गायब मिले, जिस कारण वह निराश होकर लौट आए।

### करना पड़ता है इंतजार

ज्ञात होगा कि कनीना जीएल स्कूल हादसे में चेयरमैन राजेंद्र लौढ़ा जेल में बंद हैं। उनको लेकर जेल पुलिस प्रातः करीब साढ़े नौ बजे अस्पताल की कैजुअलिटी आई थी, लेकिन वहां डाक्टर मौजूद नहीं थे। वह दोपहर करीब एक-डेढ़ बजे तक चिकित्सक कक्ष के बाहर बैठकर उनके आने का इंतजार करते रहे, लेकिन वह नहीं आए। लौढ़ा को अपनी कस्टडी में अस्पताल लेकर आए पुलिसवालों ने बताया कि वह सुबह से चिकित्सक आने का इंतजार कर रहे हैं। पता चला कि चिकित्सक तीन दिन से छुट्टी पर थे और दो बजे तक आएंगे।

### मां को चढ़वाना था खून, करना पड़ा इंतजार



अस्पताल आए मोतीनगर निवासी हरिओम ने बताया कि वह अपनी मां को खून चढ़ाने के लिए सुबह ही अस्पताल आ गया था, लेकिन कैजुअलिटी में चिकित्सक ही मौजूद नहीं है। उन्होंने बताया कि वह इसके लिए चिकित्सा अधीक्षक एवं सिविल सर्जन कार्यालय भी गए, लेकिन वह भी सीट पर नहीं मिले। इस कारण सुबह से दोपहर हो गई और अब तक खून नहीं चढ़ाया जा सका है।

### यह कहते हैं सिविल सर्जन



सिविल सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि अभी दो दिन पहले ही अस्पताल स्टॉफ से बात हुई थी और मीटिंग में कूलर एवं एसी लगाने के निर्देश जारी किए गए थे। यदि नहीं लगाए गए हैं तो इस संज्ञान लेकर कूलर एवं एसी लगवाए जाएंगे। अस्पताल की कैजुअलिटी में चिकित्सक नहीं होने के संदर्भ में एमएस ही कुछ बता पाएंगे, यह कार्य उनको देखना होता है कि कौन ड्यूटी दे रहा है और कौन नहीं।

### यह कहते हैं एसएमओ

चिकित्सा अधीक्षक डॉ.. सर्वजीत थापर ने बताया कि अस्पताल की कूलरों एवं एयर कंडीशनरों पर काम किया जा रहा है। आज ही गायिनी वार्ड में एसी लगवा है। आगे भी काम करवाया जाएगा और किसी को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। कैजुअलिटी के चिकित्सक सुबह सीट पर थे, बाद का पता करवा लेते हैं।

### चिकित्सक भी हैं परेशान

नागरिक अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ चिकित्सक डा. अनिल यादव ने बताया कि गर्मी में अस्पताल का बुरा हाल है। जरूरत अनुसार कूलर नहीं लगाए जा रहे। न ही एयर कंडीशनर लगाए जा रहे। जो एयर कंडीशनर लगे हैं, उनकी एक-एक साल से सर्विस नहीं करवाई जा रही, जिस कारण पर्याप्त कूलिंग नहीं हो पाती है। इस बाबत वह कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित भी दे चुके हैं। कल भी स्मरण पत्र दिया है, लेकिन अधिकारी अपनी सुस्ती एवं लापरवाही छोड़ने को तैयार नहीं हो रहे। इस कारण मरीज, कर्मचारी और चिकित्सक सभी परेशान हैं।



## जुमला साबित होगा भाजपा का 400 पार का नारा : राव दानसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा सैनिकों और किसानों की भूमि हैं। दक्षिण हरियाणा के प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति सेना में भर्ती होकर देशसेवा कर रहा हैं। लेकिन अग्निवीर योजना शुरू होने के बाद युवाओं के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर सबसे पहले अग्निवीर योजना को बंद किया जाएगा तथा युवाओं स्थाई रोजगार दिया जाएगा। इंडि गठबंधन के महेंद्रगढ़ लोकसभा प्रत्याशी राव दानसिंह ने नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। गांव कालवा, ब्रहमणवास, नयन, आसरावास, मोरुंड, नियामतपुरा, गोठडी, रायमलिकपुर, बूढ़वाल, नांगल सोढा, थनवास, ढाणी सैनियां की, अमरपुरा, बनियाड़ी, नांगल नूनिया, दताल, जाजमा की ढाणी, नोलाज, शनि देव मंदिर नांगल चौधरी, नोलपुर, शहबाजपुर, अलीपुर, दोस्तपुर, भेडंटी व दोखेरा गांव में जनसभा का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को 400 पार नारा जुमला साबित होगा। पिछले विस में भाजपा ने हरियाणा में 75 पार का नारा दिया था। लेकिन भाजपा सरकार को केवल 40 सीट मिली थी। भाजपा सरकार के कहना है कि इस बार चुनाव जीतने पर संविधान बदलाव करेंगे। लेकिन लोगों ने सरकार ही बदलने का मन बना लिया हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में युवाओं, किसानों, मजदूरों, व्यापारियों हर किसी को परेशान करने का काम किया। उन्होंने कहा कि आए दिन कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है और यह आने वाले दिनों में और अधिक लोग जुड़ेंगे। देश में मोदी लहर को लेकर राव दानसिंह ने कहा कि अब कोई मोदी लहर नहीं है।

## मुंडायन की पंचायत को चुनाव के 2 वर्ष बाद भी पिछली पंचायत से नहीं दिलाया गया चार्ज

**कनीना।** पंचायत चुनाव होने के दो वर्ष बाद भी तक ग्राम सचिव की ओर से हालिया सरपंच को चार्ज न दिलाने के आरोप में पुलिस ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर आरोपित ग्राम सचिव के खिलाफ केस दर्ज किया है। कनीना विकास खंड के गांव मुंडायन का ग्राम सचिव धर्मपाल नियुक्त था। पंचायत को चार्ज दिलाने के लिए बीडीपीओ कार्यालय कनीना की ओर से पत्र क्रमांक 6743 दिनांक तीन फरवरी 2022, 1006 दिनांक 10 जून 2022, 1160 दिनांक 22 जून 2022 व 1290 दिनांक पांच जुलाई 2022 जारी कर अवगत करवाया गया था। लिखित एवं मौखिक आदेश देने के बावजूद अब तक ग्राम पंचायत मुंडायन का पंचायत रिकार्ड चार्ज में नहीं दिया गया। एसपी नारनौल को बीडीपीओ की ओर से भेजी गई शिकायत पर कनीना सदर थाना पुलिस ने ग्राम पंचायत को चार्ज न दिलाने वाले ग्राम सचिव धर्मपाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

एसपी से मिले पत्र को लेकर डीएसपी कनीना की ओर से मुंडायन की पंचायत को तलब कर जांच की। जिसमें वर्तमान सरपंच को चार्ज देना नहीं पाया गया। पुलिस ने इस बारे में पूर्व सरपंच सहंता यादव व नंबरदार गुरदयाल सिंह के बयान दर्ज किए। इसके बाद पुलिस ने बीडीपीओ कार्यालय से भी रिपोर्ट ली। जिसमें पूर्व सरपंच सहंता यादव व जीपी मुंडायन का पंचायती रिकॉर्ड ग्राम सचिव धर्मपाल के पास होना तथा वर्तमान सरपंच को चार्ज नहीं देना पाया गया। इतना ही नहीं वर्ष 2020 में सरपंच से रिकॉर्ड पूरा करने ग्राम सचिव अपने साथ ले गया और बाद में वापस सरपंच को नहीं देना पाया गया।

## तीन युवकों ने हवाई फायरिंग कर फैलाई दहशत, धमकी भी दी

**नारनौल।** हवा में फायर कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना नांगल चौधरी पुलिस ने दो नामजद युवकों व दो-तीन नामालूम युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में थाना नांगन चौधरी में दी शिकायत में गांव मोहनपुर निवासी प्रवीण ने बताया कि 15 मई रात करीब 11:15 बजे वह अपने दोस्त की बाइक पर सिरोही टोल प्लाजा के पास बने एक होटल में खाना खाकर वापस आ रहे थे। जब वह सनराइज स्कूल मोड़ के पास पहुंचे तो सड़क के बीच में एक गाड़ी खड़ी थी। जिसकी हैड लाइट व अंदर की लाइट जल रही थी। एक लड़का गाड़ी के पास नीचे खड़ा था। जिसको वह जानता है तथा उसका नाम गौरव वासी बनिहाड़ी है। जब उन्होंने अपनी बाइक गाड़ी क्रॉस की तो गौरव ने पीछे से आवाज लगाई और गाली देकर बाइक रोकने के लिए कहा। जिस पर उसने पीछे मुड़कर देखा तो उसने एक हवाई फायर किया और कहा कि भविष्य में मिलोंगे तो तुम दोनों को जान से मार देगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब उसने गाड़ी क्रॉस की तब देखा था कि उसके अंदर दो-तीन लड़के थे। जिनमें से

## घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी

**नारनौल।** गांव नांगतिहाड़ी में अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी कर ले गए। इस बारे में सदर थाना में दी शिकायत में संगीता ने बताया कि वह 10 मई को बच्चों को लेकर अपने मायका गांव पटीकरा चली गई थी। इसके बाद घर पर पीछे कोई नहीं था। जब वह 15 मई को अपने मायके से वापस ससुराल आई तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद अलमारी को चेक किया तो उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण नहीं मिले। पीड़िता ने बताया कि अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर एक सोने की चेन, सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ी टोप्स, एक जोड़ी कुंडल, दो सोने की अंगूठी, सात जोड़ी चांदी के पाजेब, लक्ष्मी व गणेशजी की सोने-चांदी की मूर्ति, एक चांदी का लॉकेट, हाथ का ब्रेसलेट, एक चांदी का सैट व लगभग 60 हजार रुपये चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## समर्थन मूल्य पर सरसों बेचने का एक दिन और मिलेगा मौका

**नारनौल।** समर्थन मूल्य पर सरसों खरीद से वंचित किसानों को सरकार ने एक दिन का मौका दिया है। सरकार 18 मई को सरसों की पुनः खरीद करेगी। खरीद केवल एक दिन होगी व मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर रजिस्टर्ड किसान ही फसल बेच सकते हैं। जिले की सभी छह मंडियों में इसकी तैयारी कर दी गई है। चार-चार का स्टॉफ खरीद एजेंसी हैफेड की ओर से लगा दिया गया है, जबकि मार्केट कमेटी का स्टॉफ गेट पास देने के लिए मौके पर तैनात रहेगा। हैफेड ने सभी जिलों के सभी को पत्र जारी किया है। जिसमें किसानों को मौका प्रदान करने के लिए एक दिवसीय खरीद का निर्णय लिया गया। महेंद्रगढ़, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी एवं झज्जर में लागू होगा तथा 18 मई को एक दिवसीय खरीद की जाएगी। खरीद एजेंसी हैफेड रहेगी। प्रदेश के 839 किसानों के हालिया सरसों खरीद के दौरान गेट पास तो कट गए थे, लेकिन उनकी सरसों नहीं बेच पाए। किसानों को अपना आधार कार्ड साथ लाना होगा। मंडी में सवेरे उनका गेटपास जनरेट किया जाएगा। गेटपास जनरेट होने के बाद वह सरसों खरीद में शामिल हो सकेंगे।

# आतंक व भ्रष्टाचार कांग्रेस ने बढ़ाया: धर्मबीर

- मोदी ने कांग्रेस के पनपाई इन बीमारियों को किया खत्म, गांवों में बोले भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


चरखी दादरी। जनसभा को संबोधित करते भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह।

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह ने कांग्रेस की नाकामियों और भाजपा के कार्यों पर कहा कि कांग्रेस सरकार में पूरे देश में भ्रष्टाचार और आतंक फैलाया। कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार में इस कदर डूब चुके है कि जब कांग्रेस के नेताओं के घर छापे पड़ते है तो नोट गिनने वाली मशीनें थक जाती हैं। कांग्रेस के इस कलंकित काल को खत्म कने के लिए नरेंद्र मोदी ने भय, भूख और भ्रष्टाचार को दूर करने का संकल्प लेकर आगे बढने का काम किया। उन्होंने बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांव जेवली, बेरला,कुब्जानगर,पिचोपा खुद, निहालगढ़, पिचौपा कलां, टोडीनगर, गुडाना, झोझू खुर्द, गोकल, रामबास, रूदड़ोल, चंदेनी, बीजणा, जावा, माईखुर्द, माईकलां, नौरगांबास राजपूतान, ऊण, नौरंगाबास जाटान, ढ़ाणी गुजरान तनेजा सहजगिरी, गोपालवास, बडराई, कादमा, धनासर, नांधा, नांधाढ़ाणी, हंसावास खुर्द, भांडवा, आर्य नगर, गोविंदपुरा, खोरड़ा, कारीमोद, बाढड़ा आदि गांवों में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। धर्मबीर सिंह ने कहा कि इस प्रचंड गर्मी में इतने लोगों का उनकी जनसभा में पहुंचना यह दर्शाता है कि जनता अपना प्रधानमंत्री चुन चुकी है, बस उस पर मोहर लगना बाकी है। धर्मबीर सिंह ने भाजपा की उपलब्धिया गिनवाते हुए कहा कि पहले जब गरीब बीमार होता था तो ईलाज का खर्च गरीबों को कर्ज में डुबा देता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दर्द को और चिंता को समझा तथा हर गरीबों को 5 लाख तक के उपचार की गारंटी दी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब दुनियाभर में खाने के लिए हाहाकार मचा हुआ थाए उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों को मुफ्त राशन की गारंटी दी। जिसे अगले 5 साल तक के लिए बढ़ाकर गरीबों को उनका हक देने का काम किया।

### मोहित चौधरी ने भाजपा के लिए मांगें वोट

भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह के पुत्र युवा नेता मोहित चौधरी ने चौ. धर्मवीर सिंह के समर्थन में मतदान करने की अपील करते हुए शुक्रवार को नारनौल विधानसभा क्षेत्र के गांव नसीबपुर, ढ़ाणी किरारोद, सिलारपुर मेहता, निवाज नगर, हाजीपुर, वास, ढ़ाणी सोनिया वाली, मंडलाणा, धरसू,महरमपुर,जाखनी, डोहरखुर्द, डोहर कलां, मोहनपुर, चिंडालिया, बापडोली, नांगल काठा, खोडमा,जैलाफ, पटीकरा, कादीपुरी, भूषण खुर्द, भूषण कलां, शोभापुर, सेका, मंढ़ाणा, खानपुर, कोजिंदा आदि गांवों में सभाओं को संबोधित किया।

## जिले में साइबर सैल पुलिस की बड़ी कामयाबी

# दो माह में तलाशे 7 लाख के मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। कार्यालय में मोबाइल फोन लौटाते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिले की साइबर सेल टीम जहां अपराधियों को पकड़ने और अपराध पर शिकंजा कसने में अहम भूमिका निभा रही है। वहीं साइबर सेल पुलिस टीम ने सुराग जुटाकर पिछले दो माह मे आमजन के गुम हुए करीब सात लाख रुपये कीमत के 30 मोबाइल फोन को ढूंढ कर सराहनीय कार्य किया है। साइबर सेल की टीम ने गुम हुए मोबाइल फोन के मामलों की जांच करते हुए अलग-अलग स्थानों से उन व्यक्तियों को ट्रेस किया, जो उक्त गुमशुदा फोन को लावारिश हालात में मिलने के उपरांत यूज कर रहे थे। उक्त मोबाइल फोन के मालिकों को कार्यालय में बुलाकर मोबाइल फोन सौंपे गए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुलिस का आभार जताया। वहीं मोबाइल फोन ढूंढने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सेल की टीम की प्रशंसा की। एसपी अर्श वर्मा ने बताया कि साइबर सेल की पुलिस टीम की ओर से मोबाइल दूसरे राज्यों से भी बरामद किए गए हैं, जिनमें अलग-अलग ब्रांडेड कंपनियों के मोबाइल शामिल हैं।

एसपी ने कहा कि पुलिस की साइबर सेल टीम का यह एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि जहां मोबाइल फोन मालिकों को मिलने की खुशी है। वहीं उनके मोबाइल फोन अपराधी किस्म के लोगों के हत्थे चढ़ने से भी बचे हैं। उन्होंने कहा कि साइबर सेल की टीम लगातार गुमशुदा मोबाइल की मॉनिटरिंग करती है, इसके परिणाम स्वरूप ही काफी समय पहले खोया हुआ मोबाइल भी पुलिस टीम ने बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से भी आह्वान किया कि वे अपने मोबाइल फोन को पूरी तरह सुरक्षित रखें और किसी अनजान व्यक्ति को ना सौंपे, ताकि अपराधी किस्म के लोग उनका फायदा न उठा पाएं।

उन्होंने कहा कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत उसकी तुरंत गुमशुदगी रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज करवाएं, ताकि उसका गलत इस्तेमाल ना हो तथा जल्दी से जल्दी सुराग जुटाकर उसे ढूंढा जा सकें। एसपी ने कहा कि किसी व्यक्ति के फोन गुम होने की शिकायत मिलने पर पुलिस की तरफ से गुमशुदा फोन को ढूंढने का हर संभव प्रयास किया जाता है। साइबर सेल टीम ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए आधुनिक तकनीक की सहायता से ट्रेस करती है। पुलिस ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए गुम, चोरी हुए फोन का पता लगाया।